NEWS STATE उत्तरप्रदेश

# नए भारत के नए उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए उद्यमियों का बढ़ा विश्वासः नन्दी

प्रदेश के औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले उद्यमियों को उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने गुरुवार को पिकअप भवन में औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नीति के अंतर्गत 46.74 करोड़ की इन्सेन्टिव धनराशि प्रदान की.

Avinash Singh | Edited By : Deepak Pandey | Updated on: 25 Aug 2022, 07:59:26 PM



मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी (Photo Credit: फाइल फोटो)

**HIGHLIGHTS**

- उत्तर प्रदेश सरकार औद्योगिक विकास के लिए दे रहे उद्यमियों का पूरा साथः नन्दी
- व्यापारियों और उद्यमियों को परेशान करने वाले हैं जेल के सलाखों के पीछेः नन्दी
- 2018 से अब तक मेगा परियोजनाओं को दी गई 1247.04 करोड़ रुपये की इन्सेन्टिव धनराशि

**लखनऊः** प्रदेश के औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले उद्यमियों को उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने गुरुवार को पिकअप भवन में औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नीति के अंतर्गत 46.74 करोड़ रुपये की इन्सेन्टिव धनराशि प्रदान की. इन्सेन्टिव धनराशि मिलने पर उद्यमियों ने एक तरफ जहां प्रदेश सरकार के औद्योगिक नीतियों की प्रशंसा की तो वहीं प्रदेश सरकार की सख्त कानून व्यवस्था एवं सुविधाओं से प्रभावित होकर और बेहतर निवेश का भरोसा दिलाया. उन्होंने उद्यमियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे उद्यमियों व व्यापारियों के साथ है. किसी के भी साथ कोई अन्याय नहीं होने दिया जाएगा.

मंत्री नन्दी ने कहा कि ये नए भारत का नया उत्तर प्रदेश है, जहां अब गुंडे, माफिया के दिन लद चुके हैं और हर जगह कानून का राज है. जो बदमाश, गुंडे और माफिया उद्यमियों और व्यापारियों को परेशान करते थे, आज वे सलाखों के पीछे हैं. योगी सरकार के सुशासन का बुल्डोजर चल रहा है, जिसकी वजह से उद्यमियों और निवेशकों का उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए विश्वास बढ़ा है. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरे देश में एक मिसाल बनी है.

मंत्री नन्दी ने कहा कि औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति 2017 के अंतर्गत मेगा एवं वृहद श्रेणी के 61 औद्योगिक उपक्रमों को लेटर ऑफ कम्फर्ट जारी किए जा चुके हैं, जिनमें कुल पूंजी निवेश लगभग 15,935 करोड़ प्रस्तावित है. इन इकाइयों के द्वारा लगभग 25 हजार युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे.

मंत्री नन्दी ने कहा कि कोरोना के बेहद चुनौतीपूर्ण समय में जब दुनिया की बड़ी-बड़ी अर्थव्यवस्थाएं संकट में थीं, तब हमारी सरकार ने त्वरित निवेश प्रोत्साहन नीति 2020 के अंतर्गत सात परियोजनाओं को लेटर ऑफ कम्फर्ट जारी किया गया, जिसमें लगभग 2,512 करोड़ निवेश क्रियान्वयन की स्थिति में है.

मंत्री नन्दी ने कहा कि हम उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए संकल्पित हैं. हमारी सरकार ने लेबर रेगुलेशन, ऑनलाइन सिंगल विंडो, पारदर्शिता, लैंड एडमिनिस्ट्रेशन, एनओसी की प्रक्रियाओं को बेहद सरल एवं व्यवहारिक बनाया है.

मंत्री नन्दी ने कहा कि तीन जून को प्रधानमंत्री की उपस्थिति में सम्पन्न हुए तीसरे ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में रिकार्ड 80.224 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास यह बताता है कि हमने निवेशकों का भरोसा और विश्वास जीता है. इस अवसर पर राज्य मंत्री जसवंत सिंह सैनी, अपर मुख्य सचिव औद्योगिक विकास अरविंद कुमार, उद्यमी अरविंद अग्रवाल, भरत शर्मा, कमलेश जैन आदि मौजूद रहे.

**इन्हें दिया गया इन्सेन्टिव-**

**01-**
मे. पसवारा पेपर्स लिमिटेड- अरविंद अग्रवाल
पूंजी निवेश 210.02 करोड़
अभी तक दिया गया इन्सेन्टिव- 11.28 करोड़
आज दिया गया इन्सेन्टिव- 1.36 करोड़

**02-**
मे. श्री सीमेंट-
बांगर ग्रुप- भरत शर्मा
पूंजी निवेश- 524.71 करोड़
अभी तक दिया गया इन्सेन्टिव- 412.55 करोड़
आज दिया गया इन्सेन्टिव- 35.24 करोड़

**03-**
मे. वरुण बेवरेजेज
कमलेश जैन
पूंजी निवेश-374 करोड़
अभी तक दिया गया इन्सेन्टिव- 218.43 करोड़
आज दिया गया इन्सेन्टिव- 10.14 करोड़